# व्यापारियों से ठगी करने वाला मुम्बई से गिरफ्तार

- 4.25 लाख रुपए सूरत की फर्म के खाते में डलवाकर प्लास्टिक का कच्चा माल लेकर हो गया था फरार
- आरोपी ने दिसम्बर 2023 में अपने साथियों के साथ मिलकर की थी ठगी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यापारियों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर ठग को मुम्बई (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिसंबर 2023 में 4.25 लाख रुपए सूरत की फर्म के खाते में डलवाकर प्लास्टिक का कच्चा माल लेकर फरार हो गए। इस मामले में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो अभी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और अहमदाबाद, मेहसाणा, सूरत, वडोदरा आदि जगहों पर निवास और मोबाइल बदल-बदल कर फरारी काट रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यापारियों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर ठग चिराग बाबूलाल शाह (40) निवासी फलिया कटरा ग्राम जिला सूरत (गुजरात) हाल भाईडर जिला ठाणे (महाराष्ट्र) को मुंबई के भाईदर क्षेत्र से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। आोपन चिराग बाबूलाल शाह से पूछताछ में सामने आया कि उसने अपने साथी देवरिया जितु गौरधन भाई निवासी सूरत (गुजरात)के साथ मिलकर पीड़ित विकास शर्मा से सम्पर्क करवाया कि उनकी फर्म सुरत गुजरात में श्रीसालासर ट्रेडर्स के नाम से है, जिसमें प्लास्टिक का कच्चा दाना बनाया जाकर सभी राज्यों में भेजा जाता है। आरोपी ने सालासर ट्रेडर्स से सम्पर्क कर बताया कि उनकी बिन्दायका राजस्थान में रामेश्वर लाल एण्ड सन्स के नाम से फर्म है। दोनों फर्मों से सम्पर्क कर लिया।

आरोपियों ने दोनो फर्मां के असल मालिकों को आपस में संपर्क नहीं होने दिया गया और छह दिसम्बर 2023 को आरोपी चिराग बाबूलाल शाह व देवरिया जितु गोवर्धन भाई ने श्रीसालासर ट्रेडर्स सूरत के खाते में रुपए 4 लाख 24 हजार 800 रुपए डलवा कर प्लास्टिक का कच्चामाल लेकर फरार हो गए और पीड़ित को माल प्लास्टिक का कच्चा दाना नहीं भेजा गया। इसके बाद पीड़ित की ओर से 16 दिसंबर 2023 को आरोपियों के खिलाफ बिंदायका थाने में ठगी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश करते हुए एक आरोपी देवरिया जितु गोवर्धन भाई निवासी सूरत (गुजरात) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

वहीं आरोपी चिराग बाबूलाल शाह फरार हो गया। जिसकी तलाश के लिए महाराष्ट्र सहित गुजरात के अहमदाबाद, मेहसाणा, सूरत, वडोदरा में टीमे भेजा। जहां आरोपित घटना के बाद से ही अपना निवास-स्थान सहित अपने मोबाइल नम्बर बदल-बदल रहा था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी मदद से आरोपी को चिह्नित कर (महाराष्ट्र) के मुंबई से डिटेन कर गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।


# खादी को बढ़ावा देने से रोजगार और स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा : दीया



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राज्य में स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के प्रतीक खादी को बढ़ावा देने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान के पहले खादी डिजाइनर स्टोर 'सेवा' का उद्घाटन किया।

यह स्टोर शहर के बीचों-बीच गवर्नमेंट प्रेस चौराहे पर खोला गया है। इससे स्वदेशी के प्रयोग को राज्य में अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि खादी या खद्दर हाथ से काते और बुने हुए कपड़े होते हैं। इस पारंपरिक वस्त्र ने हमारे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसे आत्मनिर्भता का प्रतीक माना गया है। खादी को बढ़ावा देने से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा और स्वदेशी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्टोर खादी के आधुनिक परिधान भी शो केस करेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सशक्त हो सकेगा। इसके माध्यम से राज्य की महिला एवं अन्य लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वह पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। राज्य सरकार की ओर से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए लगातार खादी को बढ़ावा दिया जाएगा।

## उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के स्वागत को तैयार हथिनी चंदा और पुष्पा



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मंगलवार को आमेर महल देखने आएंगे, जहां हथिनी चंदा और पुष्पा उनका स्वागत करेगी। इससे पहले हाथी गांव में महावतों ने हथिनी पुष्पा और चंदा के सिर और शरीर पर प्राकृतिक रंगों से चित्रकारी कर उन्हें सजाया गया।

## डीपीटीएल : सैंडी स्ट्राइकर्स व टीम केसी मैमोरियल पहुंची फाइनल में

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** क्लब पैट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि खिलाड़ी बहुत जोश के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉ. निझावन ने बताया कि ऑल इंडिया 25-40 आयु वर्ग के डबल्स में डॉ. सुधांशु-डॉ. महाक्षित ने डॉ. अंकित-डॉ. अजीताभ को 6-4 से व डॉ. हरनीत-डॉ. निखिल ने डॉ. पुनीत-डॉ. आयुष को 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि 40-50 आयु वर्ग में डॉ. अनुपल-डॉ. आदेश ने डॉ. रवि-डॉ. संजय को 6-3 से व डॉ.



आदित्य-डॉ. अक्षय ने डॉ. आईडी-डॉ. संदीप को 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डॉ. सेन ने बताया कि 50-60 आयु वर्ग में डॉ. जीत-डॉ. मुदित ने डॉ. कपिल-डॉ. जयंत को 6-3 से व डॉ. दीपक-डॉ. सचिन ने डॉ. गौतम-डॉ. अमित को 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लीग सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. आदेश-डॉ. अनुपल ने डॉ. रंजीत-डॉ. राकेश को 6-0 से व डॉ. नरेंद्र -डॉ. अंकुर ने डॉ. अजीत-डॉ. ओम को 6-2 से हराकर फाइनल्स में पहुंचे।

## जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ा है और उनके पास से साढ़े 13 हजार रुपए की जुआराशि सहित 52 पत्ते ताश जब्त किए गए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना इलाके में स्थित लाल मस्जिद के पास से सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेल रहे।

## जीजा ने साले की हत्या कर खुद ने लगाया फांसी का फंदा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

कोटखावदा थाना इलाके में सोमवार को जीजा ने साले की धारदार हथियार से हत्या कर खुद ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हत्या और आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है।

थानाधिकारी भरत महर ने बताया कि थाना इलाके में स्थित संपतपुरा गांव निवासी रिंकू मीणा (27) ने बस्सी के गुढा गांव में रहने वाले अपने साले हनुमान सहाय मीणा (50) पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में हनुमान सहाय गंभीर घायल हो गया और फिर उसे इलाज के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं हमले करने बाद आरोपी रिंकू मौके से भागकर अपने घर आ गया। जहां उसने अपनी बाइक घर में खड़ी की और फिर बेडशीट लेकर घर से निकलकर खेत में जाकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह रिंकू का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। आरोपी रिंकू मीणा हनुमान मीणा का जीजा लगता था। रिंकू गांव में ही खेती करता था। घर में पत्नी के अलावा एक बेटा-एक बेटी है। हनुमान के घर में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। उसकी दोनों बेटियों की पांच मई को शादी होने वाली थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# हेरिटेज निगम चेयरमैन का आरोप, जनता के पैसों की फिजूल खर्ची कर रहे एक्सईएन और एईएन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

नगर निगम में संचालन समितियां के गठन के साथ ही विवाद शुरू हो गया है। सोमवार को नगर निगम के लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा ने निगम अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी खुद को तानाशाह समझ रहे हैं। मुख्यालय के एक्सईएन और एईएन दोनों न सिर्फ आम जनता के पैसों की फिजूल खर्ची कर रहे हैं। बल्कि, जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का भी अपना कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दरअसल, जयपुर नगर निगम हेरिटेज के लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा जनता की समस्याओं को लेकर सोमवार को एईएन भरत मीणा से मिलने पहुंचे थे। जहां भरत मीना उनके कक्ष में मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके कक्ष का एसी, पंखा और लाइट सुबह से ही चालू थे। लगभग 1 घंटा इंतजार करने के बाद भी जब भरत मीणा मौके पर नहीं पहुंचे।

तब लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा ने उनसे जनता के मुद्दों पर बात करनी चाही। भरत मीणा ने शर्मा से ही बदतमीजी करते हुए फोन पर ही अभद्रता करना शुरू कर दिया। मीणा ने कहा कि आप जैसे काफी नेता आए और गए। मुझे आप जैसे लोगों से फर्क नहीं पड़ता है। मैं इसी अंदाज में काम करूंगा, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

### फिजूल खर्ची को रोकना भी मेरी प्राथमिकता

लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा ने कहा कि सिर्फ भरत मीणा ही नहीं, बल्कि, मुख्यालय के एक्सईएन योगेश कुमावत के कमरे का भी यहीं हाल है। कुमावत भी अपने कक्ष में नहीं थे। वहां भी एसी, लाइट, पंखे सुबह से चालू थे। इससे जनता के पैसों की बर्बादी हो रही है। इसे मैं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करूंगा। मेरा पहला कर्तव्य न सिर्फ जयपुर को जगमग और रोशन बनाना है। बल्कि, बिजली की छीजत और फिजूल खर्ची को रोकना भी मेरी प्राथमिकता है। शर्मा ने कहा कि में इन दोनों लापरवाह अधिकारियों की मैं नगर निगम कमिश्नर, मेयर और मंत्री से भी शिकायत करूंगा, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही कोई और अधिकारी नहीं करें। शर्मा ने कहा कि भरत मीणा बहुत बदतमीज अधिकारी है जो जनप्रतिनिधियों को जलील करने के अलावा कोई काम नहीं कर रहा है। ऐसे अधिकारियों की वजह से ही आम जनता परेशान हो रही है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए।



# डॉ अंबेडकर जयंती मिलन समारोह पर सेमिनार आयोजित

## बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का किया आह्वान

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** अनुसूचित जाति विकास परिषद राजस्थान की ओर से यूथ हॉस्टल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई।



परिषद के अध्यक्ष रणजीत सिंह जाटव एवं महासचिव महेश धावनिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विचार रखें। भरतपुर के पूर्व महापौर अभिजीत कुमार, पूर्व न्यायाधीश टेक चंद्र राहुल, पूर्व आईएएस बीएल नवल, रिटायर्ड आईआरएस के सी घुमरिया, पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र कुमार शर्मा, अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष सीताराम बैरवा, सामाजिक कार्यकर्ता मोहनलाल बैरवा व अन्य वरिष्ठजनों ने बाबा साहेब के सामाजिक समरसता शिक्षा और समानता के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में शहर से सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों व अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। समारोह में परिषद के अध्यक्ष रणजीत सिंह जाटव, महासचिव महेश धावनिया, कोषाध्यक्ष रमेश चंद जाजोरिया, हरिचरण जगरवाल, अमर सिंह जाटव, ताराचंद बैरवा, राजेंद्र बैरवा सहित परिषद के पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं वक्ताओं को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति समाज के विकास और उत्थान पर चर्चा की गई। इस चर्चा में निष्कर्ष निकाला गया कि 75 साल के आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण के स्तर पर समाज अभी भी पिछड़ा हुआ है और हमारे सामने अभी भी गरीबी, अशिक्षा, असमानता जैसी चुनौतियाँ खड़ी हुई हैं। बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। सभी वक्ताओं ने एकमत होकर भविष्य में अनुसूचित जाति समाज के विकास और स्थान पर कार्य करने का संकल्प लिया, जिसमें मृत्यु भोज और तीये की बैठक में जो भोजन किया जाता है, उसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया गया। अंत में परिषद के अध्यक्ष रणजीत सिंह जाटव एवं महासचिव महेश धावनिया धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो कारों में अचानक आग लगने से लोगों में फैली दहशत

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में सोमवार दोपहर दो कारों में अचानक आग लगने से दहशत फैल गई। सड़क किनारे पार्किंग में दोनों कार पास-पास खड़ी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि जलने से दोनों ही कार पूरी तरह से कबाड़ में बदल गई। पुलिस आग लगने के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि आम्रपाली सर्किल से क्वींस रोड के पास सोमवार दोपहर रोड किनारे पार्किंग में दो कारें खड़ी थी। इस दौरान अचानक दोनों ही कारों ने आग पकड़ ली। कारों को जलते देखकर वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस सूचना पर फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। आग की लपटों के चलते दोनों की कारें जलकर कबाड़ में बदल गई।

### घर के बाहर खड़ी थार के टायर खोल ले गए चोर

**जयपुर।** ज्योति नगर थाना इलाके में घर के बाहर खड़ी थार के चारों टायर और स्टेपनी खोलकर चोर उसे पत्थरों पर खड़ा कर गए। घटना का पता पीड़ित को सुबह उठने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

आम सूचना

# जेईई मेन्स सफलता का फायदा अब मिलेगा हिंदी मीडियम और स्टेट बोर्ड के बच्चों को, 2 छात्र टॉप 10 में, कुल 12 छात्र टॉप 100 में जगह बनाई

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट ने जेईई मेन-2025 के परिणामों में अपने छात्रों की ऐतिहासिक उपलब्धियों की घोषणा की है। इस वर्ष, संस्थान के छात्रों ने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग में परचम लहराया, बल्कि राजस्थान और जयपुर से भी रिकॉर्ड-ब्रेकिंग परफॉर्मेंस दिया।

**टॉप ऑल इंडिया रैंक प्राप्त करने वाले छात्र :** श्रेयस लोहिया-एआईआर 6, कुशाग्र बैंगाहा-एआईआर 7, हर्ष ए गुप्ता-एआईआर 15, हर्ष झां-एआईआर 23, दिव्या रुस्तगी-एआईआर 28, अमोघ बंसल- एआईआर 29, सर्वेश आनंद एस-एआईआर 42, कृष्ण अग्रवाल-एआईआर 48, दिशांतु बसु-एआईआर 50, यश कुमार- 76, आदित्य कुमार-एआईआर 79, गुरुराज एस सज्जन -एआईआर 92। कुल 95 छात्रों ने 99 परसेंटाइल या उससे अधिक स्कोर किया। 400 से अधिक छात्रों ने 95 परसेंटाइल से अधिक स्कोर करके अभी तक के सबसे ज्यादा बच्चे जेईई (एडवांस) के लिए क्वालिफाइड हुए। गौरव लांबा-99.92 प्रतिशत, गौरव सिंह शेखावत- 99.90प्रतिशत, लक्ष्य-99.84 प्रतिशत, हार्दिक जैन-99.82 प्रतिशत, प्रियांश नतानी-99.82 प्रतिशत प्राप्त किया है। आकाश के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने कहा कि हमें जेईई मेन 2025 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों पर अत्यंत गर्व है। यह सफलता हमारे स्टूडेंट्स की मेहनत, फैकल्टी की लगन और आकाश की 'स्टूडेंट फर्स्ट' नीति का परिणाम है। हमारा प्रयास रहा है कि हर छात्र को व्यक्तिगत मार्गदर्शन और सर्वश्रेष्ठ शिक्षण वातावरण मिले। अखिलेश दीक्षित ने बताया कि हिंदी माध्यम एवं राज्य बोर्ड के छात्रों को विशेष सहयोग देने के उद्देश्य से एक अलग बैच लॉन्च किया जा रहा है, जिसमें रेगुलर बैच के विद्यार्थियों से कम फीस रखी गई है। जिससे हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को अतिरिक्त फाइनेंशियल सपोर्ट प्रदान किया जा सके।



**12वीं पास छात्रों के लिए नया 2-वर्षीय क्राउन कोर्स की शुरुआत :** अखिलेश दीक्षित ने बताया कि आकाश ने 12वीं के बाद मेडिकल की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 2-वर्षीय क्राउन कोर्स की शुरुआत की है जिसमें छात्र दो वर्ष की पढाई एक वर्ष की फी में कर सकता है, इसका उद्देश्य छात्रों को तनाव मुक्त तैयारी, बेसिक्स को मजबूत करना, मानसिक असुरक्षा को दूर करना व चांस को बढ़ाना है।

**जेईई की भूमिका और आकाश की अग्रणी स्थिति :** जेईई मेन, एनआईटी, ट्रिपल-आईटी और अन्य शीर्ष तकनीकी संस्थानों में प्रवेश का प्रवेश द्वार है। वहीं, जेईई एडवांस्ड के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित आईआईटी में दाखिला मिलता है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड मेडिकल (नीट), इंजीनियरिंग (जेईई), ओलंपियाड, फाउंडेशन और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में देश का सबसे भरोसेमंद और रिजल्ट-ओरिएंटेड संस्थान है।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
बोली सूचना
220 केवी जीएसएस सीतापुरा और 132 केवी जीएसएस सीतापुरा के बीच 630 वर्ग मिमी, 132 केवी एकल परिपथ एक्सएलपीई भूमिगत केबल (3 फेज + 1 स्पेयर) की स्थापना (मार्ग की लंबाई लगभग 1.10 किमी) जिसमें विस्तृत मार्ग सर्वेक्षण, केबल बिछाने और संबंधित सहायक उपकरण/वस्तुओं और सिविल कार्यों के साथ स्थापना शामिल है। के लिए बोली संख्या आरवीपीएन/ईएण्डपी/एक्सपीबीसी/टीएन-132 (यूबीएन संख्या-VPN2526WLOB00189) के अंतर्गत इच्छुक बोलीदाताओं से 21.05.2025 (04:00 P.M.) तक बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) तथा विभागीय वेबसाइट http://energy.rajasthan.gov.in/rvpn पर देखी जा सकती है।
अधीक्षण अभियंता
(ईपीसीसी, ईएण्डपी एवं एसपी), जयपुर
राज.संवाद/सी/25/1011

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा, चूरू
क्रमांक :-जिशिअ/प्राशि/मु/चूरू/एनआईबी/2025-26/02 दिनांक :-03.04.2025
:: Notice Inviting Bid no. 01/2025-26 ::
Bids for Hiring of Computer (along with trained personnels) amount Rs. 11,00,000/- invited from interested bidders up to 06 PM on 15-04-2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state:
UBN : EED2526SLOB00003
DIPR/C/5356/2025
जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा, चूरू